| |
|---|
| दिनांक 19.08.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 29/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद मथुरा/थाना हाईवे</u>**

**05 अभियुक्त गिरफ्तार**

**चोरी की 10 मोटर साइकिल**

**03 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 18.08.2025 की रात्रि थाना हाईवे व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सौंख रोड मण्डी चौराहा के पास से 05 अभियुक्तों 1–भगवान सिंह उर्फ अजय उर्फ पिल्ला 2–जितेन्द्र 3–राजेश उर्फ राजू 4–प्रमोद 5–कृष्णा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 10 मोटर साइकिल, 03 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त भगवान सिंह उर्फ अजय उर्फ पिल्ला के विरूद्ध जनपद मथुरा के विभिन्न थानो में चोरी, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग, अभियुक्त राजेश उर्फ राजू के विरूद्ध जनपद मथुरा के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के 05 अभियोग व अभियुक्त जितेन्द्र, प्रमोद एवं कृष्णा के विरूद्ध जनपद मथुरा के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 03–03 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना हाईवे पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–भगवान सिंह उर्फ अजय उर्फ पिल्ला निवासी ग्राम साबोरा थाना कुम्हेर जनपद डींग भरतपुर राजस्थान।

2–जितेन्द्र निवासी ग्राम साबोरा थाना कुम्हेर जनपद डींग भरतपुर राजस्थान।

3–राजेश उर्फ राजू निवासी पल्सो थाना गोवर्धन जनपद मथुरा।

4–प्रमोद निवासी पल्सो थाना गोवर्धन जनपद मथुरा।

5–कृष्णा निवासी सीही थाना बरसाना जनपद मथुरा।

**बरामदगी**

1–चोरी की 10 मोटर साइकिल।

2–03 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना बुढ़ाना**

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 10 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 15 ग्राम अवैध स्मैक**
- **घटना में प्रयुक्त 01 कार आदि बरामद**

दिनांक 19.08.2025 को थाना बुढ़ाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान 04 अभियुक्तों 1–अब्दुल कादिर 2–अबरार उर्फ सोनू 3–बाबर 4–रिहान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 10 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 15 ग्राम अवैध स्मैक, घटना में प्रयुक्त 01 कार आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अब्दुल कादिर निवासी ग्राम जिजोला थाना झिंझाना शामली, हालपता ग्राम रसूलपुर थाना को0देहात जनपद सहारनपुर।

2–अबरार उर्फ सोनू निवासी ग्राम जौला थाना बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर।

3–बाबर निवासी कस्बा व थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।

4–रिहान निवासी बघरा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1–लगभग 10 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 15 ग्राम अवैध स्मैक।

2–घटना में प्रयुक्त 01 कार आदि।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना ईकोटेक–3

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 40 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 कुन्तल 64 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा**
- **घटना में प्रयुक्त 01 ट्रक बरामद**

दिनांक 18.08.2025 को थाना ईकोटेक–3 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर खेडा चौगानपुर गोल चक्कर के पास से 02 अभियुक्तों 1–अलीहसन 2–योगेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 40 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 कुन्तल 64 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा, घटना में प्रयुक्त 01 ट्रक बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना ईकोटेक–3 पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अलीहसन निवासी भदवास थाना पिलवा जनपद एटा।

2–योगेन्द्र निवासी पचपेरा थाना सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस।

**बरामदगी**

1–लगभग 40 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 कुन्तल 64 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा।

2–घटना में प्रयुक्त 01 ट्रक।

## जनपद मुरादाबाद/थाना गलशहीद

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 07 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 18.08.2025 की रात्रि थाना गलशहीद व थाना कटघर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों 1–नदीम उर्फ डॉक्टर 2–साकिब उर्फ भूरा को गिरफ्तार किया गया एवं एक बाल अपचारी को बल संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 07 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त नदीम उर्फ डॉक्टर के विरूद्ध जनपद मुरादाबाद के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 06 अभियोग एवं अभियुक्त साकिब उर्फ भूरा के विरूद्ध जनपद मुरादाबाद के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना गलशहीद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नदीम उर्फ डॉक्टर निवासी जयन्तीपुर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद।

2–साकिब उर्फ भूरा निवासी जयन्तीपुर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद।

**बरामदगी**

1–चोरी की 07 मोटर साइकिल।

## जनपद शाहजहाँपुर/थाना जैतीपुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 किलो 54 ग्राम अवैध फाइन क्वालिटी अफीम आदि बरामद**

दिनांक 19.08.2025 को थाना जैतीपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बण्डिया खुर्द तिराहे के पास से 02 अभियुक्तों 1–अताऊल हक 2–मो0नौसाद अंसारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 02 किलो 54 ग्राम अवैध फाइन क्वालिटी अफीम आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना जैतीपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–अताऊल हक निवासी ग्राम पोखरी कला थाना वरवाडीह जनपद लातेहर झारखण्ड।

2–मो0नौसाद अंसारी निवासी ग्राम पोखरी कला थाना वरवाडीह जनपद लातेहर झारखण्ड।

**<u>बरामदगी</u>**

1–02 किलो 54 ग्राम अवैध फाइन क्वालिटी अफीम आदि।

————